पंजीयन क्रं. 312 दुरभाष 07280.271228

# श्री ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर ट्रस्ट

ओंकारेश्वर (मांधाता) जिला- पूर्व निमाड़ खण्डवा (म.प्र.)
Email-shriomkareshwar@gmail.com Website - www.shriomkareshwar.org

विज्ञप्ति कमांक - दिनांकः-

**::विज्ञप्तिः:**

श्री ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर ट्रस्ट निम्नलिखित पदों हेतु

1. सिविल मैनेजर ( सिविल इंजीनियर )
2. इलेक्ट्रिकल मैनेजर ( इलेक्ट्रिकल इंजीनियर)
3. मैनेजर कम सुपरवाइजर ( सुरक्षा )
4. मैनेजर कम सुपरवाइजर ( सफाई )

संविदा नौकरी पर चयन किये जाने के लिए, विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस की समयावधि में आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं । सेवा शर्तों एवं न्युनतम शैक्षणिक योग्यता व कार्य का अनुभव का अवलोकन कार्यालयीन समयावधि में श्री ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर ट्रस्ट कार्यालय कक्ष एवं श्री ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर की आधिकारिक वेबसाईट पर किया जा सकता है।

प्रबंधक ट्रस्टी
श्री ओंकारेश्वर मंदिर ट्रस्ट

अनुविभागीय अधिकारी, पुनासा
एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी
श्री ओंकारेश्वर मंदिर ट्रस्ट

# श्री ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर ट्रस्ट

ओंकारेश्वर (मांधाता) जिला- पूर्व निमाड़ खण्डवा (म.प्र.)

Email-shriomkareshwar@gmail.com Website - www.shriomkareshwar.org

::सेवा शर्ते::

1. आवेदन विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस की कार्यालयीन समयावधि में स्वीकार्य होंगे।

2. आवेदक का चयन साक्षात्कार के माध्यम से किया जावेगा। चयन समिति  का निर्णय अंतिम होगा।

3. नियोजन प्रथमतः 01 वर्ष की समयावधि हेतु किया जावेगा, जिसे भविष्य में 01-01 वर्ष के लिए बढाया जा सकेगा।

4. यह नियोजन पूर्णतया अस्थाई एवं गैर सरकारी स्वरुप का होगा, जिसे नियोजक द्वारा एक माह का नोटिस देकर समाप्त किया जा सकेगा।

5. उपरोक्त नियोजन हेतु रुपए 6.00 लाख प्रतिवर्ष के निर्धारित मानदेय के आधार पर भुगतान किया जाएगा, जिसका अनुपातिक रुप से मासिक भुगतान भी किया जा सकेगा।

6. उपर्युक्त निर्धारित मानदेय के अतिरिक्त ट्रस्ट के द्वारा निर्धारित मकान किराया भत्ता/ रहने हेतु मकान एवं यात्रा भत्ता अतिरिक्त देय होगा।

7. ट्रस्ट द्वारा सेवा 01 माह की सूचना अथवा सूचना के अभाव में एक माह का मानदेय देकर कभी भी समाप्त की जा सकेगी। यदि स्वयं अपनी इच्छा से सेवा छोड़ना चाहे तो उन्हें भी 01 माह की सूचना या इसके अभाव में 01 माह का मानदेय के बराबर राशि जमा कराना होगी। ऐसा न करने पर यह रकम उनकी भू-राजस्व के बकाया तौर पर वसूली जावेगी।

8. एक कार्य वर्ष में 10 सवैतनिक अवकाश (पेड लीव) दी जाएगी।

9. कार्य पर उपस्थित होने पर उन्हें योग्यता एवं अनुभव संबंधी मूल प्रमाणपत्र एवं उनकी 01 प्रमाणित प्रति प्रस्तुत करवाना होगी।

अनुविभागीय अधिकारी, पुनासा
एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी
श्री ओंकारेश्वर मंदिर ट्रस्ट

# श्री ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर ट्रस्ट

ओंकारेश्वर (मांधाता) जिला- पूर्व निमाड़ खण्डवा (म.प्र.)

Email-shriomkareshwar@gmail.com Website - www.shriomkareshwar.org

## इलेक्ट्रिकल मैनेजर

- **शैक्षणिक योग्यता** इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बी.ई./बी.टेक./ या समान डिग्री
- **कार्य अनुभव** समान कार्य में न्यूनतम 7 वर्षों का अनुभव
- **आवेदन प्राप्ति की अंतिम दिनांक** विज्ञप्ति प्रकाशन से 7 दिवस
- **आवेदन का पता** - श्री ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर ट्रस्ट ओंकारेश्वर (मांधाता) जिला- पूर्व निमाड़ खण्डवा (म.प्र.)

**::भूमिका और जिम्मेदारी::**

- सम्पूर्ण विद्युत् प्रणाली का संचालन एवं अनुरक्षण सुनिश्चित करवाते हुए मंदिर परिसर एवं दर्शन मार्ग की प्रकाश एवं सभी उपकरणों की व्यवस्थाएं सुचारू रखवाना |
- सबस्टेशन ,विद्युत् पैनल, DG सेट , UPS, इन्वर्टर ,जनरेटर आदि का रखरखाव ,प्रबंधन सुनिश्चित करवाते हुए निर्बाध विद्युत आपूर्ति हो यह सुनिश्चित करवाना |
- पम्प , मोटर , वाटर कूलर , पंखे, कूलर , LED , THROW लाइट्स आदि का सुचारू रूप से संचालन होता रहे यह सुनिश्चित करना |
- CCTV केमरे, PA System , आवश्यक स्पेयर पार्ट्स एवं अन्य विद्युत् सामग्री/ उपकरण स्टॉक की मांग एवं उपलब्धता सुनिश्चित करवाना |
- दर्शन मार्ग में ,गर्भगृह में AC , पंखे ,प्रकाश एवं अन्य उपकरण का सुचारू संचालन सुनिश्चित करवाते हुए सुखद वातावरण का निर्माण करवाना |
- कण्ट्रोल रूम से सतत निगरानी होती रहे , घाटों पर उद्घोषणा ,लाइव स्ट्रीमिंग ,LED पर दर्शन अनुमानित समय आदि व्यवस्थाओं को करवाना |
- सभी विद्युत् खराबियों का समयबद्ध निराकरण एवं ब्रेकडाउन में त्वरित कार्यवाही करवाना |
- विद्युत् सुरक्षा मानकों का पालन , इलेक्ट्रिक ऑडिट ,अर्थिंग एवं फायर सेफ्टी उपकरणों का निरिक्षण करवाना | निरिक्षण ,मरम्मत एवं प्रतिस्थापन का रजिस्टर एवं रिपोर्ट प्रस्तुत करना |
- उर्जा खपत की निगरानी एवं उर्जा संरक्षण उपाय लागु करवाना |
- सम्पूर्ण मंदिर परिसर , दर्शन मार्ग में शोर्ट सर्किट की संभावना को शून्य करवाना, वायरिंग और केबल को सुरक्षात्मक रूप से फिटिंग करवाना |
- जिला प्रशासन एवं मंदिर ट्रस्ट द्वारा समय समय पर सौंपे गए कार्यों का निष्पादन |

# श्री ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर ट्रस्ट

ओंकारेश्वर (मांधाता) जिला- पूर्व निमाड़ खण्डवा (म.प्र.)
Email-shriomkareshwar@gmail.com Website - www.shriomkareshwar.org

## <u>सुपरवाइजर ( सुरक्षा )</u>

- **शैक्षणिक योग्यता** — बी.कॉम/ बी.बी.ए / एम.कॉम / या समान डिग्री
- **कार्य अनुभव** — समान कार्य में न्यूनतम 7 वर्षों का अनुभव
- **आवेदन प्राप्ति की अंतिम दिनांक** — विज्ञप्ति प्रकाशन से 7 दिवस
- **आवेदन का पता** - श्री ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर ट्रस्ट<br>ओंकारेश्वर (मांधाता) जिला- पूर्व निमाड़ खण्डवा (म.प्र.)

### ::भूमिका और जिम्मेदारी::

- गर्भ गृह में सहज सुरक्षित निकासी व्वयस्था बनाते हुए दर्शनार्थियों से सभ्य एवं विनम्र व्यवहार हो यह सुनिश्चित करवाना |
- प्रवेश एवं निकासी गेट की सतत निगरानी एवं अनाधिकृत प्रवेश की रोकथाम |
- मंदिर ट्रस्ट द्वारा सौंपे गए सुरक्षा उपकरणों ( यथा अग्निशामक यंत्र, वाकी-टाकी इत्यादि) का आपात स्थिति से निपटान हेतु प्रशिक्षण ,रखरखाव एवं सञ्चालन हो यह सुनिश्चित करवाना |
- Crowd Management ( दर्शनार्थी नियंत्रण ) - सामान्य दिवस,पर्व काल,अति विशेष पर्व काल पर भीड़ नियंत्रण, श्रद्दालुओं की कतार व्यवस्था को प्रभावी बनाते हुए सुरक्षा व्यवस्था बनी रहे यह सुनिश्चित करवाना |
- पुलिस एवं होमगार्ड, सुरक्षा एजेंसियों ,मंदिर प्रशासन के साथ समन्यव स्थापित कर सुरक्षा व्यवस्था बनवाना |
- पर्व काल में निर्धारित घाटों पर श्रद्धालुओं को गहरे पानी में न जाने देने की चेतावनी देते हुए गोताखोर सुरक्षा गार्ड की मय जीवन रक्षा जेकेट उपकरण के साथ उपलब्धता सुनिश्चित करवाना |
- संदिग्ध गतिविधियों एवं घटनाओं, किसी प्रकार के विवाद की तत्काल सूचना देना |
- खोया पाया सामान , परिजनों के बिछड़ने या अन्य घटनाओं पर त्वरित सहायता प्रदान करवाना |
- सम्पुर्ण मंदिर परिसर में दर्शनार्थीयों के लिए अनुशासित ,सुरक्षित एवं सुखद वातावरण बनाये रखना |
- जिला प्रशासन एवं मंदिर ट्रस्ट द्वारा समय समय पर सौंपे गए कार्यों का निष्पादन |

# श्री ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर ट्रस्ट

ओंकारेश्वर (मांधाता) जिला- पूर्व निमाड़ खण्डवा (म.प्र.)

Email-shriomkareshwar@gmail.com Website - www.shriomkareshwar.org

## सिविल मैनेजर

- **शैक्षणिक योग्यता** सिविल इंजीनियरिंग में बी.ई./बी.टेक./ या समान डिग्री
- **कार्य अनुभव** समान कार्य में न्यूनतम 7 वर्षों का अनुभव
- **आवेदन प्राप्ति की अंतिम दिनांक** विज्ञप्ति प्रकाशन से 7 दिवस
- **आवेदन का पता** - श्री ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर ट्रस्ट
  ओंकारेश्वर (मांधाता) जिला- पूर्व निमाड़ खण्डवा (म.प्र.)

**::भूमिका और जिम्मेदारी::**

- मंदिर ट्रस्ट से सम्बंधित समस्त अधोसंरचनाओं का उचित रखरखाव , मरमम्त एवं निर्माण कार्य करवाना |
- मंदिर ट्रस्ट के निर्माधीन कार्यो एवं नवीन कार्यों की सतत निगरानी करते हुए समय सीमा में कार्य पूर्ण करवाना |
- निर्माण सामग्री की गुणवत्ता जाँच,कार्य का निरिक्षण, तकनिकी पक्षों ,सुरक्षा मानको और सम्बंधित सरकारी दिशा निर्देशों का पालन सुनिश्चित करवाना |
- निर्माण कार्यों के लिए अनुमानित प्राक्कलन ,डिमांड, कार्य योजना,अन्य दस्तावेज एवं सम्बन्धी कार्य करवाना |
- निर्माण सामग्री के बिलों का तकनिकी परिक्षण एवं भुगतान के लिए सत्यापन करवाना |
- मंदिर ट्रस्ट को तकनिकी सलाह देना एवं विकास कार्यों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तृत करना |
- आपातकालीन मरम्मत कार्यों का शीघ्र निष्पादन करवाना |
- नए निर्माण, मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्यों की योजना बनाना एवं उनकी तकनिकी निगरानी करना |
- जल निकासी, ड्रेनेज नाली, रैंप रेलिंग, घाट सुरक्षा रेलिंग, आदि का का प्रभावी रखरखाव हो यह सुनिश्चित करवाना |
- पेयजल पाइप लाइन , जल आपूर्ति व्यवस्था , पानी की टंकियां आदि से सबम्न्धित सिविल कार्यों की निगरानी |
- जिला प्रशासन एवं मंदिर ट्रस्ट द्वारा समय समय पर सौंपे गए कार्यों का निष्पादन |

# श्री ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर ट्रस्ट

ओंकारेश्वर (मांधाता) जिला- पूर्व निमाड़ खण्डवा (म.प्र.)

Email-shriomkareshwar@gmail.com Website - www.shriomkareshwar.org

## मैनेजर कम सुपरवाइजर ( सफाई )

- **शैक्षणिक योग्यता** बी.कॉम/ बी.बी.ए / एम.कॉम / या समान डिग्री
- **कार्य अनुभव** समान कार्य में न्यूनतम 7 वर्षों का अनुभव
- **आवेदन प्राप्ति की अंतिम दिनांक** विज्ञप्ति प्रकाशन से 7 दिवस
- **आवेदन का पता** - श्री ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर ट्रस्ट
  ओंकारेश्वर (मांधाता) जिला- पूर्व निमाड़ खण्डवा (म.प्र.)

**::भूमिका और जिम्मेदारी::**

- मंदिर परिसर, गर्भ गृह ,रैम्प, घाट , बाजार व्यवस्था , बडचौक , पुराना पुल, JP चौक , स्काई ब्रिज ,सम्पूर्ण एकांगी मार्ग, झुला पुल , मंदिर ट्रस्ट के फेसिलिटी सेंटर ,रक्तदान केंद्र ,शौचालय एवं अन्य निर्देशित क्षेत्रों की नियमित सफाई एवं कचरा संग्रहण एवं समय पर निष्पादन करवाना |
- शिव निर्माल्य संग्रहण एवं उचित प्रबंधन करवाना |
- स्वच्छता सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करवाना।
- कीट नियंत्रण, दुर्गन्ध नियंत्रण एवं आवश्यकतानुसार कीटाणुनाशक का छिडकाव |
- कचरा पात्रों को नियमित रूप से खाली करवाना तथा कचरे का उचित निस्तारण करवाना
- सफाई सामग्री का स्टॉक , रखरखाव एवं आवंटन
- शौचालय की नियमित सफाई , पानी की उपलब्धता एवं उपयोगिता सुनिश्चित करवाना |
- किसी भी प्रकार की गन्दगी , रिसाव , या स्वच्छता सम्बन्धी समस्या पर त्वरित संज्ञान लेते हुए श्रद्धालुओं के लिए स्वच्छ , सुरक्षित, स्वास्थ्यकर, एवं सुखद वातावरण निर्मित करवाना |
- जिला प्रशासन एवं मंदिर ट्रस्ट द्वारा समय समय पर सौंपे गए कार्यों का निष्पादन |